NCERT SOLUTIONS

CLASS - 7th

aglasem.com

Class : 7th

Subject : हिंदी

Chapter : 16

Chapter Name : भोर और बरखा

Q1. 'बंसीवारे ललना', 'मोरे प्यारे', 'लाल जी', कहते हुए यशोदा किसे जगाने का प्रयास करती हैं और वे कौन-कौन सी बातें कहती हैं?

Answer. 'बंसीवारे ललना', 'मोरे प्यारे', 'लाल जी', कहते हुए यशोदा श्री कृष्ण को जगाने का प्रयास करती हैं | यशोदा कहती है जागो मेरे प्यारे सवेरा हो गया है, सभी घरों के दरवाज़े खुल गए है | गोपियाँ दही मथ रही है और उनके कंगनों की आवाज़ आ रही हैं | तुम्हारे सब ग्वाल-बाल तुम्हारी प्रतीक्षा कर रहे हैं |

Page : 120 , Block Name : कविता से

Q2. नीचे दी गई पंक्ति का आशय अपने शब्दों में लिखिए-

'माखन-रोटी हाथ मँह लीनी, गउवन के रखवारे।'

Answer. तुम्हारे सब ग्वाल-बालों ने हाथ में माखन-रोटी ले लिया हैं और तुम्हारे जागने की प्रतीक्षा कर रहे हैं |

Page : 120 , Block Name : कविता से

Q3. पढ़े हुए पद के आधार पर ब्रज की भोर का वर्णन कीजिए।

Answer. ब्रज में भोर होते ही सभी घरों के दरवाज़े खुल जाते हैं | गोपियाँ की कंगनों की खनकार सुनाई देने लगती है क्योंकि वे सब दही मथ रही हैं | सब ग्वाल-बाल हाथ में माखन-रोटी लेकर गायों को चराने जाने की प्रतीक्षा कर रहे हैं |

Page : 120 , Block Name : कविता से

Q4. मीरा को सावन मनभावन क्यों लगने लगा ?

Answer. सावन में बादल बरसने लगते है तो मीरा का मन प्रसन्न हो जाता है और पानी की बूँदो के साथ उसे श्री कृष्ण के आने का आभास भी होता हैं |

Page : 120 , Block Name : कविता से

Q5. पाठ के आधार पर सावन की विशेषताएँ लिखिए।

aglasem.com

Answer. सावन का दृश्य तथा अनुभव बहुत मनोहर होता है। सावन में मन उमंग तथा उल्लास से भर उठता है। सावन में काले बादल छा जाते हैं, बिजली चमकती है, बादल गरजते हैं, ठंडी हवाएँ बहने लगती है। पानी की बूँदे बरसने से शीतलता मिलती हैं |

Page : 120 , Block Name : कविता से

Q1. मीरा भक्तिकाल की प्रसिद्ध कवयित्री थीं। इस काल के दूसरे कवियों के नामों की सूची बनाइए तथा उनकी एक-एक रचना का नाम लिखिए।

Answer.

कबीरदास - बीजक

सूरदास - सूरसारावली

नंददास - सुदामचरित्र

संत शिरोमणि रविदास - रविदास के पद

Page : 120 , Block Name : कविता से आगे

Q2. सावन वर्षा ऋतु का महीना है, वर्षा ऋतु से संबंधित दो अन्य महीनों के नाम लिखिए।

Answer. आषाढ़, भादो

Page : 120 , Block Name : कविता से आगे

Q1. सुबह जगने के समय आपको क्या अच्छा लगता है?

Answer. सुबह जगने के समय सूरज की किरणें और शीतल हवा सबसे अच्छी लगती हैं |

Page : 121 , Block Name : अनुमान और कल्पना

Q2. यदि आपको अपने छोटे भाई-बहनों को जगाना पड़े, तो कैसे जगाएँगे?

Answer. अपने छोटे भाई-बहनों को जगाना पड़े, तो उन्हें आवाज़ देकर प्यार से जगाएँगे |

Page : 121 , Block Name : अनुमान और कल्पना

Q3. वर्षा में भीगना और खेलना आपको कैसा लगता है?

Answer. वर्षा के ठंडे जल में भीगना और खेलना सभी को अच्छा लगता हैं |

aglasem.com

Page : 121 , Block Name : अनुमान और कल्पना

Q4. मीराबाई ने सुबह का चित्र खींचा है | अपनी कल्पना और अनुमान से लिखिए कि नीचे दिए गए स्थानों की सुबह कैसी होती है –

(क) गाँव, गली या मुहल्ले में

(ख) रेलवे प्लेटफ़ॉर्म पर

(ग) नदी या समुद्र के किनारे

(घ) पहाड़ों पर

Answer.

(क) गाँव, गली या मुहल्ले में - गाँव, गली या मुहल्ले में सुबह-सुबह लोग सैर पर जाने लगते हैं | गाँवो में किसान खेत पर जाने की तैयारी करते हैं | पक्षियों की आवाज़े आने लगती हैं |

(ख) रेलवे प्लेटफ़ॉर्म पर - रेलवे प्लेटफ़ॉर्म पर रेलगाडियों की आवाज़े सुनाई देती हैं | प्लेटफ़ॉर्म पर आने-जाने वाले लोगों की भीड़ होती हैं | सुबह-सुबह रेलवे प्लेटफ़ॉर्म की सफाई होती हैं |

(ग) नदी या समुद्र के किनारे - नदी या समुद्र के किनारे सुबह का दृश्य बहुत ही सुंदर होता हैं | उगते हुए सूरज की किरणें, शांत जल और ठंडी हवाएँ बहुत ही अच्छी लगती हैं |

(घ) पहाड़ों पर - पहाड़ों पर भी उगते हुए सूरज की किरणें और ठंडी हवाएँ सुबह अच्छी लगती हैं|

Page : 121 , Block Name : अनुमान और कल्पना

aglasem.com

Q1. कृष्ण को 'गउवन के रखवारे' कहा गया है जिसका अर्थ है गौओं का पालन करनेवाले। इसके लिए एक शब्द दें।

Answer. ग्वाला

Page : 121 , Block Name : भाषा की बात

Q2. नीचे दो पंक्तियाँ दी गई हैं | इनमें से पहली पंक्ति में रेखांकित शब्द दो बार आए हैं, और दूसरी पंक्ति में भी दो बार | इन्हें पुनरुक्ति (पुनः उक्ति) कहते हैं | पहली पंक्ति में रेखांकित शब्द विशेषण हैं और दूसरी पंक्ति में संज्ञा |

'नन्हीं-नन्हीं बूँदन मेहा बरसे'

'घर-घर खुले किंवारे'

· इस प्रकार के दो-दो उदाहरण खोजकर वाक्य में प्रयोग कीजिए और देखिए कि विशेषण तथा संज्ञा की पुनरुक्ति के अर्थ में क्या अंतर है?

जैसे - मीठी-मीठी बातें, फूल-फूल महके |

Answer.

विशेषण पुनरुक्ति – सुंदर-सुंदर - बगीचे में सुंदर-सुंदर फूल खिले हैं |

ठंडी-ठंडी - समुद्र के किनारे ठंडी-ठंडी हवा चल रही हैं |

संज्ञा पुनरुक्ति - घर-घर - चुनाव में नेता घर-घर जाकर वोट माँगते हैं |

गली-गली - पहले के ज़माने में गली-गली में जाकर फेरीवाले सामान बेचते थे |

Page : 121 , Block Name : भाषा की बात

aglasem.com